भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 163

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता

***163. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आन्ध्र प्रदेश में जुलाई, 2024 तक चार करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते बनाए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या आन्ध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में केवल 17.7 लाख खाते बनाए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या नेल्लोर में उक्त योजना के अंतर्गत पूर्ण कवरेज के लिए कोई आकलन किया गया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आयुष्मान भारत के अंतर्गत नेल्लोर को पूर्ण रूप से शामिल करने की लक्षित तिथि क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

02 अगस्त, 2024 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 163 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): जी, हां। 29 जुलाई, 2024 की स्थिति के अनुसार, आंध्र प्रदेश में 4.14 करोड़ आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) सृजित किए जा चुके हैं। आभा का सृजन स्वैच्छिक तौर पर संबंधित व्यक्ति की सहमति से किया जाता है। आभा सरकारी कार्यक्रमों के माध्यम से, आभा पोर्टल/ ऐप, आरोग्य सेतु ऐप पर और स्वास्थ्य क्षेत्र के निजी हितधारकों द्वारा तैयार किए गए हैं।

आंध्र प्रदेश राज्य में शीर्ष 10 सरकारी कार्यक्रमों और निजी हितधारकों का योगदान क्रमश: **अनुलग्नक-1 और अनुलग्नक-2** में दिया गया है।

नेल्लौर जिले में अगस्त 2020 से जुलाई 2024 तक 17.8 लाख आभा खाते तैयार किए गए हैं। नेल्लौर जिले के लिए कोई अलग से विशेष आकलन नहीं किया गया है।

अनुलग्नक 1

1) सरकारी कार्यक्रम

क्र.सं.	**संगठन का नाम**	**प्रोडक्ट का नाम**	**आभा की संख्या**
1	एचएफडब्ल्यू एपी	आंध्र प्रदेश सरकार	3,58,42,788
2	कोविन-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	कोविन	22,22,902
3	पीएमजेएवाई	पीएमजेएवाई (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना)	19,18,536
4	आभा पोर्टल	**abha.abdm.gov.in**	8,20,084
5	आरसीएच स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय	1,32,862
6	यूविन	यूविन	85,628
7	ई-संजीवनी 2.0	ई-संजीवनी 2.0	76,530
8	एनआईसी	एनआईसी (ई-हॉस्पिटल - ओआरएस)	54,894
9	आरोग्यश्री हेल्थ केयर ट्रस्ट	आरोग्यश्री हेल्थ केयर ट्रस्ट	41,686
10	ईएसआईसी	कर्मचारी राज्य बीमा निगम	40,191
कुल			4,12,36,101

अनुलग्नक- 2

2) निजी हितधारक:

क्र.सं.	**संगठन का नाम**	**प्रोडक्ट का नाम**	**आभा की संख्या**
1	एकाकेयर (पीएचआर)	ओर्बी हेल्थ	1,12,761
2	पेटीएम	पेटीएम	13,550
3	मेडीबडी (फासोर्ज़ टेक्नोलॉजीज)	मेडीबडी (फासोर्ज़ टेक्नोलॉजीज)	1,920
4	प्रिस्टिनकेयर	जीएचवी एडवांस्ड केयर प्राइवेट लिमिटेड	1,504
5	एको जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड	एको जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड	414
6	आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	401
7	स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	358
8	केयर हेल्थ इन्श्योरेंस	केयर हेल्थ इन्श्योरेंस	336
9	टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस	टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस	270
10	एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	263
कुल			1,31,777

****